तापमान
अधिकतम 36 .6 डिग्री
न्यूनतम 24 .3 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 जुलाई 2025

11 एमडीयू ने लागू की पं. दीन दयाल स्टूडेंट सेंट्रिक ...

12 हड़ताल का समर्थन करने पर किसान यूनियन ...


## खबर संक्षेप

### विवि की कार्यकारी परिषद का सदस्य किया मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 11 के प्रावधानों के तहत इमसॉर की प्रोफेसर डॉ. नीलम जैन को विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर ईसी सदस्य प्रो. नीलम जैन की नियुक्ति 1 अगस्त 2025 से एक वर्ष के लिए की गई है।


प्रो . नीलम जैन।

### नशीले पदार्थ सहित दो युवक काबू

**रोहतक।** पुलिस ने दो युवको को नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियो से 168 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। प्रभारी थाना आर्य नगर पीएसआई बिजेन्द्र ने बताया कि दो युवको को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान दिनेश व सौरभ निवासीगण गांधी कैम्प रोहतक के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर सौरभ से 101 ग्राम व दिनेश से 67 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अरविंद पाल निवासी नयाबांस के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### गोकर्ण बालाजी धाम पार्क में किया पौधरोपण

**रोहतक।** सुबह नगर निगम वार्ड न-2 के गौकर्ण बालाजी धाम पार्क में 72 पौधे लगाए गए। पौधे लगाने के साथ साथ पौधों की देखरेख की भी जिम्मेदारी ली, वार्ड -2 से पार्षद आशा लता धर्मबीर ने कहा कि मानसून के मौसम में अच्छी बारिश होती जो पौधों के अच्छी रहती है, ऐसे मे हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए ताकि शहर हरा भरा रहे, सैनी महापंचायत के रोहतक जिला अध्यक्ष शेखर सैनी ने कहा कि हमें अपने परिवार में होने शुभ अवसर पर पौधे लगाने चाहिए। वार्ड-2 से पूर्व पार्षद सुमन सुरेश सैनी ने युवा टीम की पौधरोपण की तारीफ की। इस अवसर पर हरियाणा पुलिस से रिटायड सब इंस्पेक्टर सूबे सैनी, सन्नी सैनी, मंगल सैनी, विनोद सैनी मौजूद रहे।

### रिटौलीः अनिल हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** सीआईए-2 ने रिटौली निवासी अनिल की गोली मारकर हत्या करके दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में करके जेल भेजा गया। सीआईए-2 प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि 1 जून को पुलिस को सूचना मिली कि बालंद रोड पर अज्ञात युवकों ने मोटरसाइकिल सवार युवक की गोली मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस टीम ने तुरंत मौक़े पर पहुंच कर जांच शुरू की। मृतक युवक की पहचान अनिल निवासी रिटौली के रुप में हुई। मृतक युवक के भाई सुनील की शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके कर जांच शुरु की गई। सीआईए-2 की टीम ने छापेमारी करते हुए 21 जुलाई को आरोपी मनीष व कपिल निवासीगण रिटौली को गिरफ्तार किया गया है।

# सेक्टर 1-2 की मार्केट में अतिक्रमण पर नगर निगम का बड़ा एक्शन
# लाउड स्पीकर से दुकानदारों को स्वयं हटाने को दो दिन का दिया समय

*दुकानदारों को कल तक टीनशेड हटाने के सख्त आदेश*

- निगम कर्मियों ने दुकानदारों को स्पष्ट कहा कि वे फोन पर भी किसी से बातचीत नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेक्टर-1-2 की मार्केट में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए दुकानदारों को अल्टीमेटम दे दिया है। मंगलवार को निगम की टीम मार्केट में पहुंची और दुकानदारों को चेतावनी दी कि वे अपनी दुकानों के बाहर बनाए गए टीनशेड और कॉरिडोर में रखे काउंटर कल तक हटा लें, अन्यथा निगम की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम की टीम ने मौके पर माइक से घोषणा करते हुए साफ किया कि यह आदेश ऊपर से मिले सख्त निर्देशों के तहत दिए गए हैं, और अब किसी प्रकार की बातचीत या बहस नहीं की जाएगी। निगम कर्मियों ने दुकानदारों को स्पष्ट कहा कि वे फोन पर भी किसी से बातचीत नहीं करेंगे। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही मार्केट में हलचल मच गई और दुकानदारों में





अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। दरअसल, मार्केट में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर तक टीनशेड बनवाकर काउंटर लगा दिए हैं, जिससे पैदल चलने वालों के लिए रास्ता संकरा हो गया है और वाहनों की आवाजाही में भी रुकावट पैदा होती है। निगम का कहना है कि यह अतिक्रमण न केवल सार्वजनिक असुविधा का कारण बन रहा है, बल्कि बाजार की सुंदरता और सुव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। निगम पहले भी शहर की अन्य मुख्य मार्केट, विशेष रूप से किला रोड मार्केट में इस तरह की कार्रवाई कर चुका है। वहां अतिक्रमण हटाने के बाद निगम ने मार्केट के सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास का कार्य शुरू किया है। इसके लिए बाकायदा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और नया नक्शा भी निगम कमिश्नर द्वारा पास किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-1 और 2 की मार्केट में भी इसी तर्ज पर कार्य किया जाएगा ताकि जनता को बेहतर सुविधा मिल सके।

### अतिक्रमण हटाने के समय दिया गया

दुकानदारों को दो दिन की मोहलत दी गई है। ताकि वह अपने आप ही अतिक्रमण को हटा ले। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो निगम की टीम कार्रवाई करेगी। मार्केट के सौंदर्यीकरण और पुनर्विकास को लेकर ही ऐसा किया जा रहा है।
-डॉ. आनंद शर्मा, आयुक्त, नगर निगम

### शौचालयों की बदहाली बनी परेशानी का कारण

मार्केट की हालत सिर्फ अतिक्रमण तक सीमित नहीं है, बल्कि वहां मूलभूत सुविधाओं की भी भारी कमी है। सबसे बड़ी समस्या है शौचालयों की। मार्केट में बने शौचालय पिछले लंबे समय से बंद पड़े हुए हैं, जिससे खासतौर पर महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट में रोजाना हजारों की संख्या में महिलाएं खरीदारी के लिए आती हैं, लेकिन साफ-सुथरे और चालू शौचालयों के अभाव में उन्हें भारी असुविधा होती है। महिलाओं के लिए यह विकल्प भी नहीं होता है।

### गंदगी और कूड़ा उठान में लापरवाही

इसके साथ ही मार्केट की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा चुकी है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं और समय पर कूड़ा उठान नहीं होने से बाजार में गंदगी फैली रहती है। इससे न केवल ग्राहकों को असुविधा होती है, बल्कि दुकानदारों के कारोबार पर भी असर पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निगम केवल चेतावनी देने और कार्रवाई करने तक ही सीमित रहता है, लेकिन सफाई व्यवस्था, शौचालय सुधार और मार्केट की नियमित देखरेख जैसे बुनियादी मुद्दों की ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

### दुकानदारों की मांग हो समुचित पुनर्विकास

मार्केट के दुकानदारों ने निगम से मांग की है कि यदि अतिक्रमण हटाया जा रहा है तो उसके बाद मार्केट के पुनर्विकास की स्पष्ट योजना तैयार की जाए और उसमें सभी व्यापारियों को शामिल किया जाए। दुकानदारों का कहना है कि वे निगम के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, बशर्ते कि उनकी रोजी-रोटी और ग्राहकों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाए।

खाद्य, औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त छापेमारी से हड़कंप

# प्रतिबंधित दवा से महिला की हालत बिगड़ी पीजीआई में भर्ती, मेडिकल स्टोर सील

- मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज करवाया गया और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खाद्य, औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी में गांव किलोई रजत मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयों की खेप मिली है। विभाग की टीम ने प्रतिबंधित दवाइयों की कब्जे में लेकर मेडिकल स्टोर संचालक कुलदीप को पुलिस हिरासत में दे दिया है। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक की खाद्य, औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। अचानक हुई छापेमारी से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। खाद्य, औषधि की टीम ने मेडिकल स्टोर पर एक ग्राहक की शिकायत पर कार्रवाई की है। इसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज करवाया गया और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मौके पर खाद्य, औषधि नियंत्रण अधिकारी मनदीप मान व एमओ. डॉ विश्वजीत राठी और पुलिस टीम मौजूद रही।





### प्रतिबंधित नशीली दवाइयां मिली

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य के नेतृत्व में अलग-अलग टीम बनाई गई। टीम ने गांव किलोई के रजत मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान कुलदीप को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान विभिन्न अन्य प्रतिबंधित नशीली दवाइयां मिली, जिन्हें ग्राहकों को बेच रहा था। साथ ही मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है।

### मेडिकल स्टोर संचालकों ने किए शटर डाउन

खाद्य, औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अचानक छापेमारी की कार्रवाई होती देख आसपास के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकतर मेडिकल स्टोर संचालकों ने अपने शटर डाउन कर दिए। हालांकि टीम ने केवल एक ही स्थान पर छापेमरी की है।

### केस दर्ज करवाया गया



खाद्य, औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव किलोई में रजत मेडिकल स्टोर पर शिकायत के बाद जांच के दौरान छापा मारा है। वहां से विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित दवाई मिली है। प्रतिबंधित दवा मिलने के बाद मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है और संचालक कुलदीप के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज करवाया गया है। आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। खाद्य, औषधि नियंत्रण अधिकारी मनदीप मान ने बताया कि बीते तीन दिनों में यह दूसरी कार्रवाई है। आगे भी चेकिंग अभियान जारी रहेगा। **-मनदीप मान, खाद्य,** औषधि नियंत्रण अधिकारी

### छापेमारी रहेगी जारी



छापेमारी के दौरान जहां भी प्रतिबंधित दवाई मिलेगी उन मेडिकल स्टोर को सील करके संचालकों पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अभियान जारी है।
**-रमेश चंद्र,** सिविल सर्जन, रोहतक

### जांच के अधार पर कार्रवाई

खाद्य, औषधि नियंत्रण अधिकारी मनदीप मान व एमओ. डॉ विश्वजीत राठी ने बताया कि 14 जुलाई को पीजीआई में महिला को उपचार के लिए भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान पता चला कि महिला के पति ने गांव किलोई के रजत मेडिकोज से एमटीपी किट लाकर दी थी और मेडिकल स्टोर संचालक के कहे अनुसार महिला ने दवा ली। जिसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई और महिला को पीजीआई में भर्ती करवाया गया। इसके बाद खाद्य, औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम मेडिकल स्टोर में छापेमारी की। जहां विभिन्न प्रकार की प्रतिबंधित दवा मिली है। खाद्य, औषधि की टीम ने कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है और आरोपी के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज करवाकर गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शिवरात्रि पर आज गूंजेगा हर-हर महादेव




**रोहतक।** कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिवरात्रि मनाई जाती है। उदिया तिथि की वजह से 23 जुलाई को शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। मान्यता है कि सावन की शिवरात्रि पर व्रत करने से भोलेनाथ की कृपा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जीवन में चली आ रही परेशानियों का अंत होता है। इस दौरान जलाभिषेक किया जाएगा। सावन शिवरात्रि पूजन मुहूर्त निशीत काल- रात 12.25 बजे से 1.08 बजे तक। प्रथम पहर की पूजा- शाम 7.26 बजे से लेकर रात 10.6 बजे तक। दूसरे पहर का पूजा- रात 10.06 बजे से रात 12.46 बजे। तीसरे पहर का पूजा- रात 12.46 बजे से सुबह 3.27 बजे।

पुलिस आरोपियों से पूछताछ करेगी

# टोल प्लाजा पर कर्मी के साथ मारपीट के पांच आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने मदीना टोल प्लाजा पर कर्मचारी से मारपीट के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बहु अकबरपुर के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार के अनुसार शिफ्ट इंचार्ज रविंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है, उसके बाद सभी को कोर्ट में पेश कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ड्राइवर से भुगतान करने को कहा था

जानकारी के अनुसार घटना 18 जून की रात करीब 12:51 बजे की है। दिल्ली से आई एक गाड़ी (नंबर GJ12FC7115) के फास्ट टैग में पैसे नहीं थे। कर्मचारी रविंद्र ने ड्राइवर से नकद भुगतान करने को कहा। इस पर ड्राइवर ने गाली-गलौज की और धमकी देकर चला गया। शाम 5:05 बजे चार गाड़ियों में 15-20 युवक आए। उन्होंने डंडों से रविंद्र पर हमला कर दिया। लोगों को देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।



### आरोपियों का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने 21 जुलाई को हिसार के सूरजभान, नरेंद्र, संजय, पुनीत और पंकज को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपियों का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड है। थाना सदर हिसार में इनके खिलाफ अन्य मामले भी दर्ज हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।


**उपलब्धि** | प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल, जहां मिलेगी यह सुविधा

*पेट के रोगियों के लिए बहुत राहत भरी खबर*

# पीजीआई में आपातकाल के मरीजों की भी अब होगी लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में आने वाले पेट के रोगियों के लिए यह बहुत बडी राहत भरी खबर है। अब उन्हें आपातकाल में पेट की समस्या होने पर बड़ा ऑपरेशन करवाने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनका आपातकाल में लेप्रोस्कोपी से भी ऑपरेशन हो सकेगा। मंगलवार को ट्रॉमा सेंटर में कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने रिबन काटकर इस मशीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल ने बताया कि सर्जरी विभाग में आज एक नई लेप्रोस्कोपी मशीन का अनावरण किया गया है। यह मशीन ट्रॉमा सेंटर में आने वाले मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद रहेगी क्योंकि इससे मरीज को चीरा नहीं लगाना पड़ेगा और छोटे सा होल बनाकर मरीज की सर्जरी की जा सकेगी। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि करीब एक करोड़ रुपए की लागत से आई यह मशीन प्रदेशवासियों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं होगी। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि लेप्रोस्कोपी आमतौर पर एलेक्टिव ओटी में होती है और पूरे हरियाणा में एकमात्र पीजीआईएमएस ऐसा संस्थान है जहां इमरजेंसी ओटी में इसकी शुरुआत की गई है। चुनिंदा सरकारी अस्पतालों की एमरजेंसी ओटी में ही यह मशीन उपलब्ध है।


**रोहतक।** नई लेप्रोस्कोपी मशीन का अनावरण करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल।

### गंभीर मरीजों को बेहतर देखभाल मिल सकेगी

सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं डीन छात्र कल्याण डॉ. एमजी वशिष्ठ ने बताया कि इस मशीन के आपातकाल में आ जाने से गंभीर मरीजों को बेहतर देखभाल मिल सकेगी। जो सर्जन उनके विभाग में ट्रेनिंग ले रहे हैं वें इससे और अधिक प्रशिक्षित होंगे। डॉ. एमजी वशिष्ठ ने बताया कि इस मशीन से ऑपरेशन होने पर मरीज जल्दी ठीक होगा और कम समय अस्पताल में रहेगा। उन्होंने बताया कि डॉ.सुरेंद्र वर्मा को इसको नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### छोटे से होल के माध्यम से होगा इलाज

डॉ. एमजी वशिष्ठ ने बताया कि जिन मरीजों को अपेंडिक्स, फटी हुई आंत, आंतें रुकी हुई हों, पित्त की थैली में पथरी हो, पेट की किसी बीमारी का पता नहीं चल पा रहा हो तो ऐसे में ट्रॉमा में यह लेप्रोस्कोपी मरीजों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। इसमें छोटे से होल के माध्यम से उनका इलाज किया जा सकेगा।

### पीजीआईएमएस में आपातकाल में आसानी से होगी उपलब्ध

डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि आपातकाल में पहले मरीजों को यदि प्राइवेट अस्पताल में लेप्रोस्कोपी करवानी पड़ती थी तो उन्हें पचास हजार से एक लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते थे। ये सुविधा अब पीजीआईएमएस में आपातकाल में आसानी से उपलब्ध होगी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. संजय मरवाह , डॉ. सतीश दलाल व डॉ सुनील यादव सहित कई चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहे।



# संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style



# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।

हॉलीवुड मसाला





# अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



# वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



# स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



# 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

टीवी मसाला




# सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



# बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं।



इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं। पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

# सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



*नई दिल्ली। 'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

## खबर संक्षेप



### मुआवजे के लिए एसडीएम कार्यालय पर गरजे किसान

**महम।** बरसाती पानी से खराब हुई फसलों के मुआवजे व अन्य मांगों को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम मुकुंद को एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शनकारी किसान नेताओं ने महम के दर्जनों गांवों के खेतों में जमा पानी की निकासी जल्द करवाने, खराब हुई फसलों की गिरदावरी करवा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने, पानी की निकासी के लिए पाइप और मोटर लगाकर बिजली की व्यवस्था करने की मांग की। अखिल भारतीय किसान सभा जिला सचिव बलवान सिंह ने बताया कि महम के दर्जनों गावों में बारिश की वजह से हजारों एकड़ में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। बारिश की वजह से धान, बाजरा, कपास, गन्ना और ज्वार की फसल खत्म हो गई हैं। जिसके चलते किसानों को कई हजार रुपए का प्रति एकड़ के हिसाब से नुकसान हुआ है।



### कुलपति ने किया बीएड व एमएड का प्रॉस्पेक्टस जारी

**रोहतक।** मदवि के कुलपति ने मंगलवार को संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों के बीएड और एमएड पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए नए सत्र 2025-26 का प्रॉस्पेक्टस जारी किया। कुलपति ने इसे स्टूडेंट्स फ्रेंडली बताते हुए कहा कि यह प्रॉस्पेक्टस विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में एमडीयू से संबद्ध कुल 90 शिक्षण महाविद्यालयों में बीएड की 11,000 सीटों, 19 शिक्षण महाविद्यालयों में एमएड की 985 सीटों, 4 शिक्षण महाविद्यालयों में स्पेशल एजुकेशन एमएड की 55 सीटों और 13 शिक्षण महाविद्यालयों में स्पेशल एजुकेशन बीएड की 650 सीटों पर दाखिले होंगे।

# बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की संयुक्त सेवाभावी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के यूथ रेडक्रॉस विंग एवं फिजियोथेरेपी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गांव मदीना में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जनजागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और लाभ उठाया। यूथ रेडक्रॉस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय कुमार एवं फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से डॉ. चारू शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं रोगों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना उत्पन्न की बल्कि उन्होंने सहज और प्रभावी उपायों को अपनाकर स्वास्थ्य बनाए रखने के टिप्स भी साझा किए। व्याख्यान सत्र के पश्चात स्वास्थ्य जांच का कार्य आरंभ हुआ, जिसमें ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की जांच की गई। इसके अतिरिक्त जिन लोगों को आवश्यकता थी, उन्हें फिजियोथेरेपी चिकित्सा भी प्रदान की गई। यह सेवा विशेष रूप से वृद्धजनों, जोड़ों के दर्द, कमरदर्द, मांसपेशीय तनाव आदि समस्याओं से पीड़ित ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुई।

### मदीना गांव में आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर

गांव मदीना की ओर से सरपंच सिलेंद्र (गिंधराण पाना), राधेश्याम सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिविर में उपस्थित होकर टीम का उत्साहवर्धन किया और विश्वविद्यालय के प्रयास की सराहना की। ग्रामीणों ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेवा केवल स्वास्थ्य सुविधा नहीं, बल्कि जागरूकता और संवेदना की सजीव अभिव्यक्ति है। इस अवसर पर डॉ. चारू शर्मा (फिजियोथेरेपी विभाग), डॉ. प्रदीप आर्य, डॉ. नेहा श्योराण व चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने अपने अनुभव और सेवा भावना से ग्रामीणों का मार्गदर्शन किया।





### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में कांवड़ियों को प्राथमिक उपचार दिया

**रोहतक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल की अध्यक्षता में शिव भक्तों के लिए स्वास्थ्य शिविर और भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 500 शिव भक्तों का प्राथमिक उपचार किया गया। और 700 शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। चिड़ी गांव के सीएचसी के कर्मचारी सुरेंद्र अत्री ने बताया कि हर वर्ष की भर्ती अबकी बार भी सभी कर्मचारियों ने अपनी नेक कमाई में से चंदा एकत्रित करके भंडारे एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त भंडारे एवं शिविरमें मुख्य भूमिका एम पी एच डब्ल्यू सुरेंद्र अत्री, चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज, नर्सिंग ऑफिसर प्रीति, सुदीप, सुनील अनिल देवेंद्र इत्यादि कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## पढ़ाई के साथ मिलेगा रोजगार, विद्यार्थी बनेंगे आत्मनिर्भर

# एमडीयू ने लागू की पं. दीन दयाल स्टूडेंट सेंट्रिक स्किल बेस्ड इंसेंटिव स्कीम

### बैठक में योजना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश और क्रियान्वयन प्रक्रिया पर गहन चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टूडेंट सेंट्रिक स्किल बेस्ड इंसेंटिव स्कीम की शुरुआत की है। यह योजना विश्वविद्यालय को देश के अग्रणी विद्यार्थी हितैषी संस्थानों की सूची में शामिल करती है। इस स्कीम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें योजना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश और क्रियान्वयन प्रक्रिया पर गहन चर्चा की गई। इस अभिनव योजना के तहत विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों के लिए 10 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड तैयार किया है, जिससे एमडीयू देश की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसने विद्यार्थियों के कौशल विकास और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए इतनी बड़ी धनराशि का प्रावधान किया है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इस विद्यार्थी हितैषी स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उनकी योग्यता और रुचि के अनुसार कार्य करने का अवसर दिया जाएगा। इस योजना के पहले चरण में 1500 विद्यार्थियों को जोड़ा जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को एक दिन में अधिकतम दो घंटे का कार्य दिया जाएगा, जिसके लिए प्रति घंटे के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। एक विद्यार्थी एक माह में 8 हजार से लेकर 16 हजार रुपये तक कमा सकता है। इस तरह एक वर्ष में उन्हें 120 घंटे का कार्य अनुभव और आय दोनों प्राप्त होंगे।

इस स्कीम के तहत विद्यार्थियों को काम के बदले कितने पैसे दिए जाएंगे उसके लिए 4 स्लैब बनाए गए हैं। इसमें विद्यार्थी में जितनी ज्यादा प्रतिभा होगी उतने ही ज्यादा रुपए प्रति घंटा दिए जाएंगे। प्रथम स्लैब 200 रुपए प्रति घंटा, दूसरा 250 रुपए प्रति घंटा, तीसरा 300 रुपए प्रति घंटा और चौथे स्लैब में सबसे अधिक 400 रुपए प्रति घंटा के हिसाब से राशि दी जाएगी। इस दौरान प्रति दिन 2 घंटे काम दिया जाएगा। एक माह में विद्यार्थी अधिकतम 20 दिन यानी 40 घंटे काम कर सकता है। जबकि पूरे शैक्षिणक सत्र में 120 घंटे काम कर सकता है।

#### पारदर्शी और योग्यता आधारित होगी

कुलपति ने बैठक में कहा कि विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और योग्यता आधारित होगी। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के लिए विद्यार्थी का प्रतिभा, स्किल्स और आर्थिक स्थिति के आधार पर चयन किया जाएगा। इस योजना की तर्ज पर विश्वविद्यालय ने विदेशों में अपनाई जा रही पार्ट-टाइम जॉब प्रणाली को अपने यहां लागू किया है, जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही रोजगार के अवसर मिल सकें। इससे न केवल विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बन सकेंगे।

#### स्किल डवलपमेंट को मिलेगी नई दिशा

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बताया कि यह योजना विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और स्किल डवलपमेंट को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करना भी है। यह योजना एमडीयू को एक आदर्श विद्यार्थी-केंद्रित विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर एवं इस स्कीम के लिए बनाए गए एग्जीक्यूटिव बोर्ड की कंवीनर प्रो. सपना गर्ग ने पं दीन दयाल स्टूडेंट सेंट्रिक स्किल बेस्ड इंसेंटिव स्कीम के क्रियान्वयन बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के नेतृत्व में एमडीयू की यह अनूठी पहल उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी और भविष्य में अन्य विश्वविद्यालय भी इसी मॉडल को अपनाकर विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान दे सकेंगे। बैठक में एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सदस्य- प्रो. रणदीप राणा, उद्योगपति राजेन्द्र बंसल, प्रो. सुमित गिल, प्रो. सोनू देहमीवाल, प्रो. दिव्या मल्हान, प्रो. सोनिया, डा. प्रताप राठी, प्रो. राजकुमार व सुनील जागलान शामिल हुए और अपने महत्वपूर्ण इनपुट्स साझा किए।



### एमडीयू ने डेलीफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर की प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने डेलीफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस ड्राइव में कुल 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रो. दिव्या मल्हान ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। सीसीपीसी उप निदेशक डॉ. सौरभ कांत और सीसीपीसी टीम के अन्य सदस्यों ने आयोजन सहयोग दिया। कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम में डेलीफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अरविंद और मानव संसाधन सपना ने शिरकत की और कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए।

जल्द ही चयनित विद्यार्थियों की सूची कंपनी द्वारा जारी की जाएगी। डेलीफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों का विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके सहयोग एवं समर्थन के लिए उन्हें प्रशंसा चिह्न प्रदान किए।

### विभाग ने ही ध्वस्त किया फ्लाईओवर का पियर कैप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के डीजीएम उदयवीर झांझरिया ने स्पष्ट किया है कि सुखपुरा चौक फ्लाई ओवर पर पियर कैप को विभाग ने योजना पर तरीके से ध्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि पियर कैप के अचानक ढहने की सूचनाएं तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। उन्होंने बताया कि पियर कैप संख्या 23 की कंक्रीटिंग के दौरान शटरिंग सपोर्ट में समस्या के कारण कंक्रीट का स्तर असमान हो गया था। इसके स्तर में 150 मिमी का अंतर पाया गया और संरचना को दीर्घकालिक उपयोग के लिए सही नही थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से पियर कैप को सक्रिय रूप से ध्वस्त कर दिया। इसमें कोई ढहाव नहीं हुआ है।

### महम कोर्ट परिसर में अब नहीं जमा होगा बरसाती पानी

**महम।** पुराने तहसील परिसर में बनाए गए वकीलों के चैंबरों के सामने और कोर्ट के सामने थोड़ी सी बारिश होते ही काफी मात्रा में पानी जमा हो जाता था। कोर्ट में आने वाले मुवक्कीलों और वकीलों व कोर्ट के कर्मचारियों को इस पानी की वजह से काफी परेशानी हो रही थी। क्योंकि परिसर में दो तीन फिट तक पानी जमा हो जाने से वाहन खड़े करने में भी दिक्कत आनी शुरू हो गई थी। क्योंकि कोर्ट परिसर नीच हो जाने और संबंधित विभाग द्वारा पानी निकासी के उचित समाधान न किए जाने की वजह से यहां थोड़ी सी बरसात में ही दूर दूर तक पानी ही पानी नजर आता था। वकीलों को चैंबरों तक पहुंचने और कोर्ट में जाने के लिए पानी के अंदर से ही होकर गुजरना पड़ता था। लेकिन बार एसोसिएशन महम के प्रधान प्रदीप ढ़ाका ने वकीलों और कोर्ट स्टाफ व जनता की समस्या को देखते हुए अपने स्तर पर ही इस समस्या का समाधान खोज निकाला। बार एसोसिएशन की ओर से वकीलों के चैंबरों के सामने जमीन में एक बोर करवा दिया गया है।

### लोकतंत्र के प्रहरियों की भूमिका का बखान कर रही प्रदर्शनी : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बतांया कि संविधान हत्या दिवस (25 जून) के तहत आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्रों में जन जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में स्टैंडीज के माध्यम से आपातकाल में लोकतंत्र पर हुए प्रहार से जुड़ी विभिन्न घटनाओं के संस्मरणों को प्रदर्शित किया गया है। सचिवालय में पहुंचने वाले लोग प्रदर्शनी का अवलोकन कर रहे हैं। आपातकाल के दौरान दी गई यातनाओं की जानकारी भी ले रहे है। लोकतंत्र के बचाव के लिए लोकतंत्र प्रहरियों की भूमिका का प्रदर्शनी में चित्रण किया गया है। आपातकाल (25 जून 1975) भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। डीसी ने बताया कि प्रदर्शनी द्वारा स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को गहरा आघात पहुंचाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# बीमा योजना के तहत सभी ऋणी किसानों का अवश्य काटा जाए प्रीमियम : धर्मेंद्र सिंह

## गांव व फसल अनुसार पोर्टल पर डाटा अवश्य करें अपलोड, खेती को जोखिम मुक्त बनाने में योजना लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बता्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर खरीफ सीजन की तैयारी बारे सभी बैंक प्रबंधकों को आदेश दिए गए है कि सभी ऋणी किसानों का प्रीमियम 31 जुलाई तक अवश्य काटे। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक पूरा डाटा किसान की फसल अनुसार व फसल गांव के अनुसार पोर्टल पर अवश्य अपलोड करें ताकि किसान का बीमा किया जा सके। उन्होंने कहा कि एसएलबीसी द्वारा भी स्पष्ट आदेश दिए गए है कि सभी ऋणी किसानों का प्रीमियम अवश्य काटना है। डीसी ने बताया कि बीमित फसल में कोई स्थानीय आपदा ओलावृष्टि, जलभराव, भू-स्खलन आने पर व्यक्तिगत शिकायत किसान 72 घंटे के अंदर ऑनलाइन, क्रोप इन्स्योरेंश ऐप तथा कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन 14447 के द्वारा दर्ज करवा सकते है। धान फसल को छोड़ कर अन्य फसलों में जल भराव के कारण होने वाली हानि योजना के अंदर शामिल है। यह योजना किसान की खेती को जोखिम मुक्त बनाने में अहम भूमिका अदा करती है। स्थानीय आपदा में हुए नुकसान की भरपाई भी करवाती है।



#### योजना को लेकर सहकारी बैंक प्रबंधकों की बैठक आयोजित

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार सभी कॉपरेटिव बैंक प्रबंधको की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता कॉपरेटिव बैंक महाप्रबंधक छेलू राम द्वारा की गई। छेलू राम ने कहा कि सभी बैंक प्रबंधक अगर कोई किसान बीमा ना करवाने के लिए लिखित में नही देता है तो बैंक रिकॉर्ड अनुसार बीमा करना सुनिश्चित करें। किसानों को प्राकृतिक आपदा में होने वाली फसल हानि की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। यह योजना बेहद कम प्रीमियम दरों पर व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है किसान धान, बाजरा ,मक्का की फसलों के लिए बीमित राशि का केवल 2 प्रतिशत और कपास फसल के लिए 5 प्रतिशत देना होता है और शेष बीमा प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है।

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सभी बैंक अपना कार्य तत्परता व सावधानी पूर्ण करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। सभी बैंक प्रबंधकों को बताया कि खरीफ सीजन में प्रीमियम काटने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। यह योजना ऋणी किसानों के लिए भी स्वैच्छिक है और जो ऋणी किसान बीमा नहीं करवाना चाहता है वह 24 जुलाई तक सम्बन्धित बैंक में लिखित में दे सकते है। अन्यथा ऋणी किसानों का बीमा बैंक द्वारा कर दिया जाएगा और जिस किसान ने फसल बदल कर बोई है वह भी बैंक में समय रहते सूचना दें ताकि सही फसल का प्रीमियम काटा जा सके।

#### सभी बैंक पूर्ण डाटा को करें चैक

कृषि विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा ने बताया कि धान फसल के लिए 2124.98 रुपए प्रति हेक्टेयर कपास फसल के लिए 5435.05 रुपए प्रति हेक्ट., बाजरे फसल के लिए 1024.36 रुपए प्रति हेक्ट. और मक्का फसल के लिए 1089.74 रुपए प्रति हेक्ट. के हिसाब से किसान को प्रीमियम देना होगा और गैर ऋणी किसान बीमा करवाना चाहता है तो किसी भी सीएससी केंद्र पर जाकर फसल बीमा करवा सकते है। कॉपरेटिव बैंक से वेदप्रकाश ने सभी बैंक प्रबंधको को बताया कि समय रहते अपने पूर्ण डाटा को सभी बैंक चैक कर लें ताकि सही फसल का बीमा किया जा सके और पोर्टल पर भी फसल गांव के अनुसार अपलोड करें।


मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ RMO 4
❖ ICU STAFF 6
❖ NURSING STAFF 4
❖ PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
❖ COMPUTER OPERATOR 1
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

पेशाब की समस्याओं का स्थाई इलाज
• बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
• पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
• गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
• गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।
डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श निःशुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें:
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
सभी सरकारी सेवा में मान्य
• आंगनबाड़ी सुपरवाईजर / सहायक / कार्यकर्ता
• PHYSICIAN ASSISTANT
• MULTI PURPOSE HEALTH WORKER
• HEALTH SANITARY INSPECTOR
• AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
• DENTAL HYGIENIST / MACHENIC
• C.M.S. & ED / FIRST AID
• MEDICAL LAB/ X-RAY TECH.
• OPRATION THEATORE TECH.
• OPTHALMIC ASSISTANT (DOA)
• COMMUNITY HEALTH/EMT
• FOOD SAFETY / VETERNARY INSPECTOR
• PLASTER, DRESSER, NTT, PT, CTT
• BAMS (ALT), BEMS (EH)
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221

**खबर संक्षेप**


रोहतक। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का स्वागत करते छात्र नेता दीपक धनखड़।

### दीपक धनखड़ लगातार तीसरी बार अध्यक्ष नियुक्त

**रोहतक।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) का छात्र नेता दीपक धनखड़ को लगातार तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

धनखड़ ने कहा कि यह न केवल एक राजनीतिक घोषणा है, बल्कि हरियाणा के हजारों विद्यार्थियों के संघर्ष, विश्वास और भावनाओं की जीत है। दीपक धनखड़ उस परंपरा के प्रतिनिधि हैं, जो छात्र राजनीति को केवल मंचों तक सीमित नहीं रखती, बल्कि सड़कों, धरनों और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की लड़ाई लड़ती है।

### छात्रों ने दिखाई पाक कला की प्रतिभा

**रोहतक।** तिलियार झील स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में मंगलवार को पास्ता बनाने की एक अनोखी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में 22 छात्रों ने भाग लेकर अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन किया।
संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को पास्ता की विभिन्न शैलियों की जानकारी देना और उनके व्यावहारिक कौशल को निखारना था। खास बात यह रही कि सभी पास्ता संस्थान में ही मैदे और आटे से तैयार किए गए। प्रतियोगिता में छात्रों ने स्पेगेटी बोलोग्नीज़, पास्ता अल्फ्रेडो, पास्ता पेस्टो, पेने अराबीआटा, स्पेगेटी कार्बोनारा, कैनेलोनी और ग्नोच्ची जैसे विविध प्रकार के पास्ता बनाकर सभी को प्रभावित किया। स्पर्धा में प्रशांत शर्मा ने प्रथम, निशी ने द्वितीय तथा मनोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल इंचार्ज संजीब डे ने विजेताओं को सम्मानित किया।

## हड़ताली लोगों के साथ लघु सचिवालय में पहुंची सुमन हुड्डा की गाड़ी घेरी, एक महिला कर्मी घायल

# हड़ताल का समर्थन करने पर किसान यूनियन की नेता को करना पड़ा पीजीआई के कर्मचारियों के गुस्से का सामना

### कर्मचारी बोले, सुमन हुड्डा किसान यूनियन की तरफ से ऐसी प्रवृत्ति के लोगों का साथ देंगी तो इसमें यूनियन की भी बदनामी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

किसान यूनियन की नेता सुमन हुड्डा को पीजीआई के कर्मचारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा। मंगलवार को हड़ताली लोगों के साथ लघु सचिवालय में पहुंची सुमन हुड्डा की गाड़ी को पीजीआई के कर्मचारियों ने घेर लिया और जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि किसान यूनियन न्याय के लिए बनाई गई है, अगर आप पंचायत के तौर पर आई हैं तो हम भी किसान के बेटे-बेटियां हैं, हमारी भी बात सुननी पड़ेगी। कर्मचारियों ने यह भी कहा कि हड़ताल पर बैठे लोग हमारे साथ मार पिटाई करते हैं और उन पर केस भी दर्ज हैं। उन लोगों ने चंदा इकट्ठा करने का धंधा बना रखा है और पंचायत के नाम पर किसान यूनियन को भी गुमराह कर रहे हैं। अगर सुमन हुड्डा किसान यूनियन की तरफ से ऐसी प्रवृत्ति के लोगों का साथ देंगी तो इसमें यूनियन की भी बदनामी होगी, इसलिए न्यायसंगत बात करते हुए हमारी व्यथा भी सुननी चाहिए। कर्मचारियों के गुस्से को देखते हुए सुमन हुड्डा ने गाड़ी से नीचे नहीं उतरी। इस दौरान पुलिस बल भी वहां पहुंच गया और मामला सुलझाने की कोशिश की। लेकिन पीजीआई के बेयरर और अन्य कर्मचारी अपनी बात पर अड़े रहे और न्याय के लिए नारेबाजी करते रहे। कर्मचारियों का आरोप है कि हड़ताल में कुछ शरारती तत्व भी बैठे हुए हैं जो माहौल खराब कर रहे हैं। हमारे कर्मचारी ड्यूटी पर आने से डर रहे हैं। पुलिस के समझाने और बीच बचाव के बाद किसान यूनियन की नेता सुमन हुड्डा को गाड़ी को वहां से जाने दिया। दरसअल मंगलवार को डीसी ने हड़ताली लोगों को बातचीत के लिए लघु सचिवालय में बुलाया था। मुलाकात के बाद जब सुमन हुड्डा अपनी गाड़ी में बैठी तो उन्हें दूसरे कर्मचारियों के गुस्से का सामना करना पड़ा।





#### जो आपकी गाड़ी में बैठा है, वो कर्मचारी ही नहीं

पीजीआई के कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए सुमन हुड्डा को ये भी चेताया कि हड़ताल पर बैठे लोग आपको गुमराह कर रहे हैं। कर्मचारियों ने सुमन हुड्डा को यह भी बताया कि आपकी गाड़ी में जो व्यक्ति बैठा है, वह पीजीआई का कर्मचारी ही नहीं है और हड़ताल भी करवा रहा है। इन लोगों ने चंदा एकत्रित करने के लिए हड़ताल कर रखी है और दूसरे संगठनों को भी गुमराह करके समर्थन के लिए जबरदस्ती बुला रहे हैं।

#### पीजीआई ने एचकेआरएन में शामिल करने के लिए लिखकर दिया, फिर भी हड़ताल

लघु सचिवालय में सुमन हुड्डा से बात करने पहुंचे पीजीआई के कर्मचारियों ने बताया कि हेल्थ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कर्मचारियों को एचकेआरएन में शामिल करने के लिए सरकार को लिखकर दे दिया है। अब सरकार फैसला लेगी कि पोर्टल कब खोलना है और कर्मचारियों को कब शामिल करना है। इसके बावजूद कुछ लोग भोले भाले कर्मचारियों को बहला फुसलाकर हड़ताल में बुला रहे हैं।

#### महिला कर्मचारी घायल

सुमन हुड्डा से बात करने के लिए नारेबाजी कर रहे पीजीआई के कर्मचारियों को हटाने के लिए पुलिस ने जोर आजमाइश भी की। इस दौरान पुलिस ने एक महिला कर्मचारी को वहां से हटाना चाहा तो धक्के से वह दूर जा गिरी, जिससे महिला कर्मचारी प्रीति का एक पैर टूट गया। फिलहाल कर्मचारी सिविल अस्पताल में भर्ती है।

### डीसी के साथ मीटिंग बेनतीजा, बाहर हंगामा करने पर 20 के खिलाफ शिकायत

**रोहतक।** पीजीआई रोहतक के अनुबंधित कर्मचारियों के एसोसिएशन का धरना जारी रहा। कल एसोसिएशन द्वारा बुलाई गई सर्व समाज महापंचायत का आयोजन मेडिकल मॉड पार्क में किया गया, जिसमें हरियाणा के सभी जिलों की खाप मुखिया, सरपंच, पंचों, जन प्रतिनिधि, समाज सेवियों ओर विचारकों ने भाग लिया और धरने पर बैठे कच्चे कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। कल शाम को एसडीएम और पीजीआई डायरेक्टर के साथ हुई मीटिंग के अनुसार आज सभी खाप प्रतिनिधि ओर धरना कमेटी के मेंबर 2 बजे डीसी से मीटिंग के लिए गए। आज फिर कुलपति ने कर्मचारियों और खाप पंचायत के प्रतिनिधियों से मीटिंग में मिलने से इनकार किया और अपनी जगह चिकित्सा अधीक्षक को डिप्टी कमिश्नर कार्यालय भेजा। जहां कर्मचारियों के सभी मुद्दों पर डिप्टी कमिश्नर से बात चीत हुई। मीटिंग के बाद कर्मचारियों ने बताया कि डीसी के अनुसार अनुबंधित कर्मचारियों की मांग पूरी तरहा से सही है, परंतु फिर भी किसी भी मांग पर सहमति नहीं बनी। मीटिंग खत्म होने के बाद जैसे ही सभी मेंबर डीसी कार्यालय से बाहर निकल रहे थे तभी वहां ठेकेदार के लोगों ने मीटिंग में गए खाप पंचायतों के प्रतिनिधि और धरना कमेटी मेंबर और भारतीय किसान यूनियन की सुमन हुडा की गाड़ी का रास्ता रोक लिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस पूरे घटना कर्म में एक घंटे तक पुलिस नदारद रही। यहां गोर करने वाली बात है कि डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में मीटिंग होनी थी, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे। गाड़ी के सामने हंगामा करने और अभद्र भाष का प्रयोग करने पर 20 लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में शिकायत दी गई है।



**रोहतक।** पीजीआई रोहतक के अनुबंधित कर्मचारियों व किसान यूनियन के पदाधिकारियों की मीटिंग लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि



### पौधरोपण और भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित

**रोहतक।** मंगलवार को लखीराम अनाथालय गोहाना रोड, पर्ल पेटल होटल के सामने रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हेरिटेज द्वारा पौधरोपण और भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हेरिटेज के अध्यक्ष डॉक्टर राजीव धमीजा के जन्मदिवस के अवसर पर किया गया है। इस कार्यक्रम में 52 बच्चों को भोजन वितरित किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को पोषण प्रदान करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में सोनिया भूटानी पत्नी हरीश भूटानी, पॉल एंड कंपनी ने अपने मित्र राजीव खुराना के लिए एक पौधा अलग से लगाया।

## जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित करने से ही मिलती है सफलता: डॉ. राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में 22 से 24 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय 36वें प्रांतीय खेलकूद समारोह के भव्य आयोजन का शुभारंभ हुआ। जिसमें हरियाणा प्रांत के 9 स्कूलों के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 300 खिलाड़ी छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ. राजेंद्र प्रसाद गर्ग, सेवानिवृत्त निदेशक, शारीरिक विभाग महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, मुख्य अतिथि पूनम विग, निदेशक माइक्रोन कंपनी, प्रांतीय खेल प्रभारी तिलक राज के कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व वंदना से हुआ।

विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार गुलाटी, वेद प्रकाश सेतिया, कोर कमेटी के सदस्य रवींद्र सक्सेना, अश्विनी कुमार, बीना कौशिक, बृजबाला, हिंदू शिक्षा समिति के खेल संयोजक मलखान, रामचरण सिंगला, एसके गुप्ता, जितेंद्र चावला एवं विद्यालय प्राचार्या ममता भोला सहित समाज के अन्य उपस्थित रहे। प्राचार्या ममता भोला ने समारोह में आए सभी अतिथियों का परिचय करवाते हुए उनका स्वागत व अभिनंदन किया तथा विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मुख्य वक्ता, मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व पटका देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया और खिलाड़ियों द्वारा खेलभाव की शपथ लेने के बाद मुख्य वक्ता डॉ. राजेंद्र गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल-कुद विद्यार्थी की शारीरिक और मानसिक स्थिति सुधारने के साथ-साथ अनुशासन, नैतिकता और संयम की शिक्षा देने का अद्भुत माध्यम है।

जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें तभी सफलता हासिल होती है। मुख्य अतिथि पूनम विग ने प्रांत भर से आए खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामना देते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों की यह खास बात है कि यहां बच्चों के सर्वांगीण विकास में संस्कारों को सर्वोपरि रखा जाता है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनुराग जैन, प्रबंधक हरीश वधवा ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित करते हुए बधाई।

### दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना अब प्रशासन और पार्षदों की जिम्मेदारी

**रोहतक।** कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट को लेकर प्रशासन द्वारा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस बार परीक्षा में शामिल हो रहे दिव्यांग अभ्यर्थियों को न केवल परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना बल्कि परीक्षा के बाद उन्हें घर तक छोड़ना भी प्रशासन और संबंधित पार्षदों की जिम्मेदारी होगी। इस व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करने के लिए नगर निगम के डीटीपी तिलकराज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पार्षद कपिल नागपाल ने बताया कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद सराहनीय है और इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि कोई भी दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन व स्थानीय पार्षद मिलकर इन अभ्यर्थियों को पूरी सुविधा देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि वे समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचें और परीक्षा समाप्त होने के बाद सुरक्षित अपने घर भी लौट सकें। परीक्षा के मद्देनजर अभ्यर्थियों की आवाजाही को लेकर बसों की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है। रोहतक जिले में 68 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां भिवानी और झज्जर जिलों के हजारों अभ्यर्थी भी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। उनके सुगम आवागमन के लिए दो बेस कैंप बनाए गए हैं। भिवानी से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए राजीव गांधी स्टेडियम, जबकि झज्जर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए न्यू बस स्टैंड को बेस के रूप में तय किया गया है। इन बेस प्वाइंट्स से बसों के जरिए परीक्षार्थियों को उनके निर्धारित परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

- सीईटी परीक्षा को लेकर विशेष तैयारी

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005


**महम।** अलंकरण प्रक्रिया में चयनित किए गए आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। फोटो: हरिभूमि

### आर्य स्कूल मदीना में अलंकरण समारोह आयोजित, विद्यार्थियों को सौंपी जिम्मेदारी

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बच्चों को जिम्मेवारियों का एहसास करवाने के लिए उनको अलग अलग जिम्मेवारियां सौंपी गई। इस क्रम में विद्यालय के हेड बॉय एवं हेड गर्ल के लिए 12वीं कक्षा से विज्ञान संकाय के विनय एवं कामना को चुना गया। विद्यालय प्राचार्य अशोक दांगी ने दोनों बच्चों को उनकी जिम्मेवारियों के लिए उनका उत्साह वर्धन किया तथा विद्यालय का ध्वज देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में अनुशासन संबंधी निगरानी के लिए 11वीं विज्ञान संकाय के महेश एवं 11वीं कक्षा से दीक्षा, रोहित महेश तथा दसवीं कक्षा की साक्षी को कार्यभार देकर उनको सम्मानित किया गया। इन सभी बच्चों को विद्यालय की निदेशिका लतेश दांगी ने बैज लगाकर व सम्मान पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। लेतेश दांगी ने बताया की जीवन में अनुशासन ही सफलता की पहली सीढ़ी है। जिसका जीवन अनुशासन में होता है वह जीवन में अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। इसी क्रम में सभी सदनों के हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को भी चुना गया। विजडम हाउस के लिए 12वीं कक्षा की प्राची तथा 11वीं कक्षा की सोनाक्षी को हाऊस कैप्टन चुना गया। करेज हाउस के लिए 12वीं कक्षा की प्रिया तथा 11वीं कक्षा की रीना को और इंटीग्रिटी हाउस के लिए 12वीं कक्षा के देवसय एवं 11वीं कक्षा की इशू व हार्मनी हाउस लिए 12वीं कक्षा की राधिका एवं ग्यारहवीं कक्षा के हिमांशु को हाउस कैप्टन चुना गया।

### वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रोहतक।** वन स्टॉप सेंटर रोहतक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। महिलाओं को पौधे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रोहतक सुश्री दीपिका सैनी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी महिला को जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़े तो वो तुरंत महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की हेल्पलाइन 181 या 112 पर या सीधा वन स्टॉप सेंटर में आकर मदद ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि घरेलु हिंसा व बाल विवाह हो तो संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रोहतक से मदद ले सकती हैं। सुश्री दीपिका सैनी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ पर्यावरण बचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री दीपिका सैनी ने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ सीमा, पूनम और अजय गुलिया सहित 35 से 40 महिलाएं शामिल रही।

## रोटरी क्लब रोहतक की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की विजिट कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



रोटरी क्लब रोहतक ने गोहाना रोड स्तिथ एक निजी होटल में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के वर्ष 2025-26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी की आधिकारिक विजिट का आयोजन किया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि क्लब के प्रधान डॉ. एसएल वर्मा, सचिव डॉ. सुनील मुंजाल और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने आए हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तथा क्लब के रोटरी फाउंडेशन चेयर राजेश जैन का बैंड बाजों से स्वागत किया। क्लब के प्रधान डॉ. एसएल वर्मा ने अपने ही क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. रवि गुग नानी का स्वागत करते हुए उन्हें क्लब की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रस्तुत की।

क्लब के सचिव डॉ. सुनील मुंजाल नें मंच का संचालन किया और क्लब की अभी तक कि रिपोर्ट पेश की। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के गवर्नर डॉ. रवि गुगनानी ने अपने वक्तव्य में क्लब के बोर्ड के सभी सदस्यों को जनहित, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधित प्रोजेक्ट करने के लिए सलाह दी और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 की और से सभी सहायता देने का आश्वासन दिया।

रोटरी क्लब के रोटरी फाउंडेशन चेयर एवं एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने अपने संबोधन में क्लब को ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उनकी और से पूरा सपोर्ट देने का भरोसा दिलाया।

क्लब के निदेशक डॉ. आरके चौधरी, रोटरी डिस्ट्रिक्ट सचिव संजीव वधवा, असिस्टंट सेक्रेटरी हनीश महेंद्रू, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, रोबिन सचदेवा, डीएस बुधवार, डॉ. एनके मगू, डॉ. मनचंदा, डॉ. अशोक गुप्ता, अमित नागपाल, राकेश खुराना, डॉ. जवाहर शर्मा, परवीन बत्रा, डॉ. सतीश गुलाटी, अशोक गुप्ता, अमित गोयल एवं सुरेश कथूरिया मौजूद रहे।

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन

# टोल की 20 किलोमीटर परिधि के नागरिकों के लिए छूट का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सड़कना में घायल लोगों को तुरंत प्रभाव से नजदीकी अस्पताल में पहुंचने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि घायल व्यक्ति की जान बचाना हम सब की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 मिनट के भीतर हर आदमी घायल व्यक्ति को नजदीक के बेहतर अस्पताल में पहुंचाना होगा ताकि उसे तुरंत प्रभाव से प्राथमिक उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की कैशलेस स्कीम के तहत घायल लोगों का उपचार किया जाता है। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आई है और मृत्यु दर भी कम हुई है। इसके साथ-साथ ब्लैक स्पॉट भी कम हुए हैं। उपायुक्त ने इस संदर्भ में इस बारे इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आई रैड) के बारे में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



**रोहतक।** लघु सचिवालय के सभागार में सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। फोटो: हरिभूमि

### टोल की 20 किलोमीटर की अवधि के गांव व क्षेत्रों के नाम किए जाए अंकित

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी टोल प्लाजा पर उन गांव के नाम अंकित किए जाए जो संबंधित टोल की 20 किलोमीटर की परिधि में आते हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के नियमों के तहत 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले नागरिकों को टोल शुल्क में छूट प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इस नियम के तहत अगर कोई नागरिक 20 किमी के दायरे में रहता हैं, तो वह महीने भर जितनी बार चाहें आ जा सकता हैं, इसकी एवज में एक महीने का 350 रुपए का पास बनवाना होगा।

### बीएस-6 मानक से कम वाले वाहनों के काटे जाएंगे चालान

धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि फास्ट टैग से कोई अतिरिक्त पैसा नहीं कटेगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि टोल प्लाजा पर एंबुलेंस व रिकवरी वैन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। शौचालय आदि की सुविधा सुनिश्चित की जाए। इसके साथ-साथ टोल की सभी लाइन लेने खुली रहे। उपायुक्त ने बीएस-6 से नीचे वाले वाहनों के चालान काटने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इन वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने ऐसे वाहनों को जप्त व चालान करने के निर्देश जारी किए। इसके साथ-साथ उन्होंने सडक़ दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग व बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों के भी चालान करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एएसपी वाई.वी.आर. शशि शेखर, आरटीओ गायत्री अहलावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।